दिनांक 04.10.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शहरी विकास अभिकरण छ0ग0 शासन के द्वारा दिनांक 01 अक्टुबर 2017 से 15 अक्टुबर 2017 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन निकाय स्तर पर किया जाना है, साथ ही निकायों द्वारा दिये गये निर्देशानुसार स्वच्छता शपथ एवं सम्मान, विद्यार्थीयों के साथ मिलकर कचरा स्थलों का सौन्दर्यीकरण, शौचालयों की सफाई, स्वच्छताग्रहियों के सम्मान हेतु पंजीयन कैंम्प का आयोजन, एवं कचरे से कला प्रतियोगिता का आयोजन की गतिविधियां आयोजित किया जाना है।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र में उक्त कार्य को संचालित करने हेतु सर्व जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्व अधिकारी (आई.ई.सी.प्रभारी), सर्व सहायक अभियंता, उप अभियंता, स्वच्छता निरीक्षक, को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये हैं। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार कर अपने अधिनस्त अधिकारी, कर्मचारियों को पालन कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्य पर लापरवाही किये जाने पर सीधी कार्यवाही की जावेगी।

जन सम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम , भिलाई